# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री विमलेश कुमार शर्मा, प्लाट न0 173–74 मंगल विहार, पोल्ट्री फार्म के पीछे, आगरा रोड., जयपुर, पिनकोड–302031

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, ( उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई) जिला–दौसा

अपील सं0 23/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक 24.06.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी( उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई) जिला–दौसा को दिनांक 22.04.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई) जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई) जिला दौसा के प्रति पत्र क्रमांक आर0टी0आई/2019/762 दिनांक 20.06.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा आवेदक को उनके पत्रांक/आरटीआई/2019/761 दिनांक 20.06.19 के द्वारा आरटीआई के तहत सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक उपलब्ध करवा दी गई है। उक्त पत्र द्वारा अंकित कर सूचना भिजवाई जाकर अपील निरस्त करने का निवेदन किया गया है। पत्रावली में उक्त पत्रादि संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोक सूचना अधिकारी ( उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई) जिला–दौसा द्वारा अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official